
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

# 2024

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

## 30 जून

1. **अंतर्राष्ट्रीय क्षुद्रग्रह दिवस–** एक क्षुद्रग्रह के पृथ्वी से टकराने के कारण 30 जून, 1980ई. को रूस की तुंगस्का नदी के पास बहुत बड़ा विस्फोट हुआ था। अतः संयुक्त राष्ट्र ने क्षुद्रग्रह के खतरे को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिये 30 जून, 2017 से 'अंतर्राष्ट्रीय क्षुद्रग्रह दिवस' मनाने की घोषणा की है।

2. **वर्ल्ड सोशल मीडिया डे–** आज हम अपनी बातों को रखने के लिये फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर, टेलीग्राम, इंस्टाग्राम, स्नैपचैट, लिंक्डइन आदि का इस्तेमाल करते हैं। सोशल मीडिया हमें दुनिया भर के लोगों को एक–दूसरे से जोड़ता है। एक तरफ सोशल मीडिया के कई फायदे हैं, वहीं दूसरी तरफ इसके लगातार प्रयोग से कई स्वास्थ्य संबंधी बीमारीयां भी उत्पन्न हो जाती हैं। अनिद्रा, तनाव, मोटापा, आलस्य, अन्य कार्यों में अरूचि इसके प्रमुख साइड इफेक्ट्स हैं। इसकी प्रभाव के बारे में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से 'ग्लोबल सोशल मीडिया डे' की शुरूआत मशहूर टेक कंपनी मैशाबेल ने 30 जून, 2010 को किया था।
   - **संदर्भः** वर्ग 7, नागरिक, **'सामाजिक आर्थिक एवं राजनीतिक जीवन भाग–2', अध्याय 6, 'मीडिया और लोकतंत्र'** से जोड़कर बतायें।

3. **नागार्जुन का जन्म दिवस–** हिन्दी और मैथिली के सुप्रसिद्ध कवि और लेखक वैद्यनाथ मिश्र नागार्जुन का जन्म 30 जून, 1911 ई. को मधुबनी (बिहार) के सतलखा गाँव में हुआ था। उन्होंने हिन्दी साहित्य में 'नागार्जुन' और मैथिली साहित्य में 'यात्री' के उपनाम से रचनायें प्रकाशित की। नागार्जुन की पहली प्रकाशित रचना एक मैथिली कविता थी जो 1929 ई. में लहेरियासराय, दरभंगा से 'मिथिला' नामक पत्रिका में छपी थी। उनकी पहली हिन्दी की रचना 'राम के प्रति' नामक कविता थी जो 1934ई. में लाहौर से निकलने वाली पत्रिका 'विश्वबन्धु' में छपी थी। उन्होंने संस्कृत, मैथिली तथा हिन्दी में कई रचनायें प्रकाशित किया तथा अनुवाद कार्य भी किया।
   - **सुझावः** बच्चों को नागार्जुन के लिखी कविता, कहानियों का सस्वर वाचन करवायें।

4. **दादाभाई नौरोजी का निधन–** 'भारतीय राजनीति के भीष्म पितामह' कहे जाने वाले दादा भाई नौरोजी का निधन 30 जून, 1917 ई. को मुम्बई, महाराष्ट्र में हुआ था। वे एक राजनीतिज्ञ के साथ–साथ शिक्षाविद, उद्योगपति और विचारक भी थे। वर्ष 1806 व 1906 ई. में वह इंडियन नेशनल कांग्रेस के अध्यक्ष भी चुने गये थे। वर्ष 1859 में उन्होंने 'नौरोजी एण्ड कम्पनी' के नाम से कपास का व्यापार शुरू किया था। कांग्रेस के गठन से पहले वे सुरेन्द्रनाथ बनर्जी द्वारा स्थापित संगठन 'इंडियन नेशनल एसोसियशन' के सदस्य भी रहे।

Sunday

# दिवस विशेष

30 जून


मधु प्रिया

## वर्ल्ड सोशल मीडिया डे 30 जून

वर्ल्ड सोशल मीडिया डे पहली बार 30 जून को सोशल मीडिया के प्रभाव और वैश्विक संचार में इसकी भूमिका पर बल देने के लिए मनाया गया था। पहला सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, सिक्स डिग्री 1997 में लॉन्च किया गया था। इसकी स्थापना एंड्रयू वेनरिच ने की थी। वेबसाइट ने यूजर्स को अपने दोस्तों और परिवार के सदस्यों को सूचीबद्ध करने, बुलेटिन बोर्ड और प्रोफाइल जैसे कई विशेषताएं थी। साल 2001 में इसे बंद कर दिया गया। शुरुआत में फ्रेंडस्टर, माइस्पेस और फेसबुक का इस्तेमाल लोग बातचीत करने के लिए करते थे। हालांकि अब समय बदल गया है। ट्विटर, इंस्टाग्राम, स्नैपचैट जैसे प्लेटफॉर्म भी बड़े स्तर पर इस्तेमाल किया जा रहा है।आज के समय में 18 साल का युवक हो या 65 साल का आदमी हर किसी के जीवन में सोशल मीडिया एक महत्वपूर्ण अंग बन गया है। इसने दुनिया को देखने का तरीके बदल दिया है। हम अपने दोस्तों, रिश्तेदारों और प्रियजनों के साथ आसानी से जुड़े रह सकते हैं। हर साल 30 जून को विश्व सोशल मीडिया दिवस मनाया जाता है। ताकि यह बताया जा सके कि यह कम्यूनिकेशन के लिए एक महत्वपूर्ण टूल के रूप में उभरा है। दुनिया के कोने-कोने से लोगों को जोड़ने से लेकर कंपनियों को अपने ब्रांड बढ़ाने तक सोशल मीडिया गेम चेंजर बन गया है। वहीं कोरोना महामारी में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जनता के लिए हेल्पलाइन बनकर सामने आया है। सोशल मीडिया एक ऐसा मीडिया है, जो बाकी सारे मीडिया (प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और समानांतर मीडिया) से अलग है। सोशल मीडिया इंटरनेट के माध्यम से एक वर्चुअल वर्ल्ड बनाता है जिसे उपयोग करने वाला व्यक्ति सोशल मीडिया के किसी प्लेटफॉर्म (फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम) आदि का उपयोग कर पहुंच बना सकता है।

# पुण्यतिथि विशेष 30 जून

राकेश कुमार




**दादा भाई नौरोजी** *Dadabhai Naoroji*, जन्म- 4 सितंबर, 1825 ई. मुम्बई; मृत्यु- 30 जून, 1917 ई. मुम्बई) को 'भारतीय राजनीति का पितामह' कहा जाता है। वह दिग्गज राजनेता, उद्योगपति, शिक्षाविद और विचारक भी थे। श्री दादाभाई नौरोजी का शैक्षिक पक्ष अत्यन्त उज्ज्वल रहा। 1845 में एल्फिन्स्टन कॉलेज में गणित के प्राध्यापक हुए। यहाँ के एक अंग्रेज़ी प्राध्यापक ने इन्हें 'भारत की आशा' की संज्ञा दी। अनेक संगठनों का निर्माण दादाभाई ने किया। 1851 में गुजराती भाषा में 'रस्त गफ्तार' साप्ताहिक निकालना प्रारम्भ किया।

# Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 30.06.2024

## शिक्षण में अन्वेषण

अन्वेषण-आधारित शिक्षण एक सक्रिय शिक्षण दृष्टिकोण है जो बच्चों को जिज्ञासा और पूछताछ के माध्यम से सीखने में मदद करता है । अन्वेषण के माध्यम से सीखने की प्रक्रिया किसी विशेष स्थिति से निपटने के तरीके को बदल देती है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



**मध्य प्रदेश कैबिनेट** ने ऐतिहासिक फैसला लेते हुए राज्य के मंत्रियों को अपना आयकर यानी **इनकम टैक्स** खुद भरने का आदेश दिया है। पीछले **52 सालों** से मंत्रियों के इनकम टैक्स को **राज्य सरकार** के पैसे से भरा जाता था।


## टी-20 वर्ल्ड कप




# टी-20 वर्ल्ड कप के एक एडिशन में सबसे ज्यादा विकेट

| खिलाड़ी | विकेट | देश | साल |
|---|---|---|---|
| फजलहक फारूकी | 17 | अफगानिस्तान | 2024 |
| वानिंदु हसरंगा | 16 | श्रीलंका | 2021 |
| अजंता मेंडिस | 15 | श्रीलंका | 2012 |
| वानिंदु हसरंगा | 15 | श्रीलंका | 2022 |
| अर्शदीप सिंह | 15 | भारत | 2024 |

हिन्दी और मैथिली के
अप्रतिम लेखक और कवि,
अनेक भाषाओं के ज्ञाता
तथा प्रगतिशील विचारधारा
के साहित्यकार




# नागार्जुन

के जयंती पर सादर नमन।

जन्म- 30 जून 1911-मृत्यु-5 नवंबर, 1998

www.teachersofbihar.org

Madhu priya



ब्रिटिशकालीन भारत के बुद्धिजीवी, शिक्षाशास्त्री,
'भारत का वयोवृद्ध पुरुष' कहे जाने वाले

## दादा भाई नौरोजी

की पुण्यतिथि पर शत्-शत् नमन।


Madhu priya

www.teachersofbihar.org

4 सितंबर 1825 - 30 जून 1917

# विश्व सोशल मीडिया दिवस

की हार्दिक शुभकामनाएं।




संपूर्ण विश्व को जोड़े हुए, अपार सूचनाओं से परिपूर्ण इस सशक्त माध्यम के सकारात्मक प्रयोग का संकल्प लें।

Madhu priya


ICC
MEN'S T20
WORLD CUP
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
CHAMPIONS
शानदार जीत
www.teachersofbihar.org


Congratulations
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
CHAMPIONS
2024
www.teachersofbihar.org
Madhu priya

30 जून 2024

Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

सफ़लता का एक ही तरीका

है निरंतर सीखते रहना।

नेपोलियन हिल



राकेश कुमार